प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–25.09.2023 (सं0–417)

बिहार पुलिस मुख्यालय के अन्तर्गत कार्यरत सोशल मीडिया सेन्टर की अगस्त 2023 तक की उपलब्धि

- बिहार पुलिस मुख्यालय में कार्यरत अन्तर्गत सोशल मीडिया सेन्टर 24X7 कार्यरत है। इसका मुख्य उद्देश्य आमजनों को सोशल मीडिया के माध्यम से बिहार पुलिस की अधिकारिक सूचना साझा करना एवं उनके समस्याओं एवं सुझावों को सुनना है।
- इसी प्रकार बिहार के सभी जिलों के आधिकारिक Verified सोशल मीडिया अकाउण्ट्स हैं, जो पूरी तरह सक्रिय हैं एवं इनके माध्यम से कोई भी गम्भीर घटना घटित होने पर अविलम्ब अधिकारिक सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से साझा की जा रही है ताकि प्रेस, मीडिया एवं आमजनों को अधिकारिक एवं पुष्ट खबर मिल सके।

सोशल मीडिया सेंटर का माह–अगस्त, 2023 तक की उपलब्धिः–

1. माह अगस्त 2023 में बिहार पुलिस के Twitter Handle का Impression 3.5 मिलियन से अधिक रहा है। अर्थात् बिहार पुलिस के Twitter Handle पर प्रसारित सामग्री को 35 लाख से अधिक लोगों द्वारा देखा गया। जबकि बिहार पुलिस के Facebook page का Reach लगभग 1 करोड़ 20 लाख रहा।
2. माह अगस्त 2023 मे बिहार पुलिस के Instagram Handle के कुल फॉलोवर्स की संख्या लगभग–50 हजार रही। जबकि Instagram Handle का Reach 4 लाख 33 हजार से अधिक रहा।
3. बिहार पुलिस के Facebook Page के माध्यम से 1,17,423 से अधिक नये फॉलोवर्स जुड़े।
4. माह अगस्त 2023 में बिहार पुलिस के Twitter Handle के माध्यम से लगभग 11 हजार नये फॉलोवर्स जुड़े हैं। लगभग 1700 लोगों के द्वारा बिहार पुलिस को मेंशन किया गया।

- माह जून तक बिहार पुलिस के विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म्स पर 5 लाख फॉलोअर्स/सब्सक्राइबर जुड़ चुके थें। माह अगस्त तक फॉलोअर्स/सब्सक्राइबर की संख्या 7 लाख हो चुकी है। ये आँकड़े बता रहे हैं कि आम जन बिहार पुलिस के साथ तेजी से जुड़ रहा है तथा नागरिक केन्द्रित पुलिसिंग का उद्देश्य सफल हो रहा है।
- इसी तरह जिलों में संचालित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर माह अगस्त 2023 तक 5.5 लाख से अधिक फॉलोअर्स जुड़ चुके हैं।
- अब जिलों की भी सोशल मीडिया पर सक्रियता की रैंकिंग 1. घटना के बाद रेस्पॉन्स टाइम, 2. फॉलोअर्स के नम्बर एवं 3. फॉलोअर्स के नम्बर में वृद्धि के आधार पर की जा रही है।

दिनांक 14.09.2023 को जारी रैंकिंगः—

TOP 5 Districts	Last 5 Districts
1. समस्तीपुर	1. शेखपुरा
2. गोपालगंज	2. मुंगेर
3. कटिहार	3. शिवहर
4. भोजपुर	4. बाँका
5. अरवल	5. सुपौल

- मीडिया बन्धुओं से अनुरोध है कि अपने जिला स्तर के सम्वाददाताओं को जिलों के अधिकारिक सोशल मीडिया अकाउण्ट्स को फॉलो करने हेतु सुझाव दे सकते हैं ताकि अधिकारिक एवं पुष्ट खबर प्राप्त हो सके तथा भ्रामक खबरों से बचा जा सके।

xxxxxxxxxx